दैनिक जागरण

NEC
a link with electricity

Date: 04-04-2019 Page No. 8

प्रगति मैदान में तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : प्रगति मैदान में बुधवार से ग्रिडटेक 2019 प्रदर्शनी की शुरुआत हो गई। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में बिजली उपकरणों को प्रदर्शित किया गया है। सुरक्षा जिंदगी की.. थीम पर आधारित प्रदर्शनी के पहले दिन यहां फिल्म अभिनेता सोनू सूद भी पहुंचे। उन्होंने इस दौरान स्टालों पर विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया।

एनईसी उपकरणों को देखने के दौरान सोनू ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की। उन्होंने कहा वह एक अभिनेता के साथ वह एक इंजीनियर भी हैं। इसलिए विश्वास के साथ कह सकते हैं कि बिजली उपकरणों की गुणवत्ता अच्छी हो तो घर-परिवार में सुरक्षा बनी रहती है। इससे हादसों का खतरा भी बेहद कम रहता है। प्रमुख बिजली उपकरण जैसे एमसीबी, क्वालिटी वायर और डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स की गुणवत्ता को प्रमाणित करते हुए हमेशा घरेलू सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।